नगर परिषद घुमारवीं जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।

अवधि 04/2012 से 03/2014

भाग–एक

पैरा 1 (क) <u>प्रारम्भिक</u> :–

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव, वित्त, हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1–376/81–फिन(एल0ए0)–खण्ड–iv, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्च निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद घुमारवी, जिला बिलासपुर के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान आहरण एंव संवितरण अधिकारी के पद पर निम्न प्रधान व कार्यकारी अधिकारी कार्यरत रहे :–

प्रधान

क्रम संख्या	नाम	तैनाती की अवधि
1.	श्रीमती रीता सहगल	01.04.2012 से 31.03.2014

कार्यकारी अधिकारी

क्रम संख्या	नाम	तैनाती की अवधि
1.	श्री संजय कुमार	01.04.2012 से 14.01.2012
2.	श्री प्रकाश चन्द	24.09.2012 से 17.02.2012
3.	श्री विनोद कुमार शर्मा	18.02.2012 से 31.03.2014

(ख) <u>नगर परिषद घुमारवीं जिला बिलासपुर के लेखों अवधि 04/2012 से 03/2014 तक के अंकेक्षण में पाई गई अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार से है</u> :–

क्र0 सं0	अनियमितता का संक्षिप्त सार	पैरा संख्या	राशि (₹लाखों में)
1.	स्थापना पर अनियमित व्यय	7	18.56
2.	कार पार्किंग के निर्माण कार्य में अनियमित/अधिक भुगतान व कम वसूली इत्यादि करना	8	9.81
3.	गृह कर व दुकानों के किराये की 31.03.2014 को वसूली योग्य	9	62.12

	शेष राशि		
4.	संविदाकार को परिषद द्वारा सीमैन्ट जारी न करने के फलस्वरूप हानि	10	4.37
5.	मोबाईल टावरों के नवीनीकरण शुल्क की वसूली योग्य राशि	11	0.48
6.	गलत वेतन निर्धारण के कारण वेतन व भत्तों की राशि का अधिक भुगतान	14	0.22
7.	अम्बेदकर भवन के निर्माण पर निष्क्रय व्यय	15	15.92
8.	रैहन बसेरा के नजदीक कार पार्किंग के निर्माण पर अपव्यय	17	25.00
9.	गृह कर की कम वसूली	18	1.24

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के ''परिशिष्ठ–क'' पर दर्शाई गई है यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। जो अत्यन्त चिन्ता का विषय है। अतः नगर परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्यवाही सुनिश्चित करें व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करें ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

भाग–दो

पैरा 2 वर्तमान अंकेक्षण :–

नगर परिषद घुमारवीं, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेष के लेखाओं अवधि 04/2012 से 03/2014 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण श्री चम्बेल सिंह परमार, अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) द्वारा दिनांक 26.07.2014 से 23.08.2014 व दिनांक 20.02.2015 से 18.03.2015 तक के दौरान घुमारवी में सम्पन्न किया गया। आय की विस्तृत जाँच हेतु माह 10/2012 व 03/2014 तथा व्यय की विस्तृत जाँच हेतु माह 12/2012 व 12/2013 के लेखाओं का चयन किया गया। जिसके परिणामो को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है। अंकेक्षण के दौरान आगामी पैरों में दर्शाये गए अभिलेखों के अतिरिक्त समस्त अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर किया गया है। किसी भी प्रकार की अधूरी व छुपाई गई

सूचना के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नही होगा क्योंकि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण केवल चयनित मासों तक ही सीमित रखा गया है।

पैरा 3 अंकेक्षण शुल्क :–

नगर परिषद घुमारवीं के लेखाओं अवधि 04/2012 से 03/2014 तक के अंकेक्षण करने का शुल्क ₹32,400 बनता है। लेखा परीक्षा अधियाचना संख्याः 159, दिनांक 16.03.2015 द्वारा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद घुमारवीं को अंकेक्षण शुल्क की राशि का भुगतान निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–09 को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से करने का आग्रह किया गया।

पैरा 4 वित्तीय स्थिति :–

नगर परिषद घुमारवीं के लेखाओं अवधि 04/2012 से 03/2014 तक की वित्तीय स्थिति कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलबध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर निम्न विवरणानुसार थी :–

क्र0 सं0	विवरण	2012–13	2013–14
1)	प्रारम्भिक शेष	1,67,76,681	1,77,74,092
2)	अपने स्त्रोत से प्राप्ति	39,93,780	56,53,165
3)	सरकारी अनुदान	1,11,46,151	1,33,31,627
	कुल जोड	**3,19,16,612**	**3,67,58,884**
4)	वर्ष के दौरान व्यय	1,41,42,520	1,60,79,181
	अन्तशेष	**1,77,74,092**	**2,06,79,703**

पैरा 4.1 बैंक समाधान विवरणी

1)	रोकड़ बही के अनुसार 31.03.2014 को अन्तिम शेष	2,06,79,703
2)	(+) चैक जो जारी किए गए लेकिन 31.03.2014 तक भुगतान हेतु बैंक को प्रस्तुत नहीं किए गए (विवरण पैरा (4.2)	7,37,794
	कुल राशि	**2,14,17,497**
3)	31.03.2014 को बैंक खातों में शेष राशि (विवरण पैरा 4.3)	**2,14,17,497**

पैरा 4.2 नगर परिषद द्वारा दिनांक 31.03.2014 तक चैक जारी किए गए परन्तु 31.03.2014 तक इन चैकों को भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया था।

क्र0 सं0	चैक संख्या	दिनांक	राशि
1)	316380	10.03.2014	2,400
2)	333158	31.03.2014	16,205
3)	333159	31.03.2014	10,208
4)	333161	31.03.2014	1,42,407
5)	333162	31.03.2014	17,014
6)	333163	31.03.2014	10,718
7)	333164	31.03.2014	1,57,199
8)	333165	31.03.2014	18,446
9)	333166	31.03.2014	11,810
10)	710233	31.03.2014	20.652
11)	710234	31.03.2014	13,011
12)	710235	31.03.2014	1,70,698
13)	710236	31.03.2014	20,384
14)	710237	31.03.2014	12,760
15)	316387	31.03.2014	91,660
16)	316388	31.03.2014	17,892
17)	316389	31.03.2014	4,330
		कुल योग	**₹7,37,794**

पैरा 4.3 दिनांक 31.03.2014 को विभिन्न बैंकों में जमा राशियों का विवरण :–

क्र0 सं0	बैंक का नाम	खाता संख्याः	31.03.2014 को शेष राशि
1)	ओ0बी0सी0	3271	53,70,792
2)	सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया	4925	81,806
3)	ग्रामीण बैंक	1	83,527
4)	राज्य सहकारी बैंक	10544	31,39,343
5)	राज्य सहकारी बैंक	464	5,80,938
6)	राज्य सहकारी बैंक	19500	6,68,291
7)	ग्रामीण बैंक	23303	7,47,712
8)	ओ0बी0सी0 बैंक	428822	25,92,906

9)	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया	72900	36,25,497
10)	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया	70196	12,04,285
11)	एच0डी0एफ0सी0	6290	6,63,018
12)	राज्य सहकारी बैंक	729088	20,00,000
13)	केन्द्रीय बैंक	7054	1,00,000
14)	केन्द्रीय बैंक	—	1,83,692
15)	राज्य सहकारी बैंक	11010110997	3,75,690
		कुल योग	**₹2,14,17,497**

पैरा 4.4 <u>पैन्शन एवं उपदान निधि</u> :–

नगर परिषद घुमारवीं के पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से था :–

क्र0 सं0	**विवरण**	**2012—13**	**2013—14**
1)	प्रारम्भिक शेष	30,38,362	36,37,720
2)	वर्ष के दौरान प्राप्ति	4,66,912	4,88,961
3)	वर्ष के दौरान प्राप्त ब्याज	1,32,446	79,157
	कुल योग	**36,37,720**	**42,05,838**
4)	वर्ष के दौरान व्यय	0	5,87,487
	अन्तशेष	**36,37,720**	**36,18,351**

<u>अन्तिशेष का विवरण</u>

1)	बैंक खाता सं0 12885 में सावधि जमा में जमा राशि		6,18,351
	सावधि जमा खाता सं0	**राशि**	
	1137514	25,00,000	30,00,000
	1137515	5,00,000	
		कुल राशि	**₹36,18,351**

पैरा 5 <u>अनुदान</u> :–

नगर परिषद द्वारा वर्ष 2012—13 व 2013—14 के दौरान प्राप्त अनुदान की राशि व उसमें से किए गए व्यय का ब्यौरा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद घुमारवीं द्वारा प्रेषित

आंकड़ों व सम्बन्धित अभिलेख की जाँच के उपरान्त निम्न प्रकार से था जिसका विस्तृत विवरण परिशिष्ठ–''ख'' पर दिया गया है।

क्र0 सं0	विवरण	2012–13	2013–14
1)	प्रारम्भिक शेष	1,67,07,858	1,53,69,353
2)	अनुदान की प्राप्त राशि	1,11,46,151	1,33,31,627
	योग	**2,78,54,009**	**2,87,00,980**
3)	वर्ष के दौरान व्यय	1,24,84,656	1,34,71,271
4)	अन्तशेष	1,53,69,353	1,52,29,709

पैरा 5.1 दिनांक 31.03.2014 को सरकारी अनुदान की शेष राशि ₹152.30 लाख व्यय हेतु शेष :–

नगर परिषद द्वारा अवधि 01.04.2012 से 31.03.2014 के दौरान प्राप्त अनुदानों व इस अवधि में किए गए व्यय व 31.03.2014 को पाये गए अन्तशेष तथा पूर्व में अनुपयुक्त अनुदान राशियों का विवरण परिशिष्ठ–''ख'' पर विस्तार से दिया गया है। वर्ष 2012–13 से पूर्व अवधि के अनुदानों की शेष राशि ₹1,67,07,858/– में से वर्ष 2012–13 के दौरान ₹15,17,114/– व वर्ष 2013–14 के दौरान ₹40,50,979/– व्यय की गई थी। ₹89,65,733/– की राशि दिनांक 31.03.2014 तक व्यय नहीं की गई थी।

वर्ष 2012–13 के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से ₹1,11,46,151/–की राशि अनुदान के रूप में प्राप्त हुई जिसमें से ₹62,59,645/– वर्ष 2012–13 के दौरान व ₹34,06,426/– वर्ष 2013–14 के दौरान व्यय की गई तथा ₹14,80,080/– की राशि 31.03.2014 को अनुपयुक्त थी।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2013–14 के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से अनुदान के रूप में ₹1,33,316.27/–की राशि प्राप्त हुई जिसमें से वर्ष 2013–14 के दौरान ₹85,47,731/– व्यय की गई तथा ₹47,83,896/– दिनांक 31.03.14 को अनुपयुक्त थी।

उपरोक्त विवरणानुसार 31.03.2014 को ₹1,52,29,709/– (₹89,65,733 + ₹14,80,080 + ₹47,83,896) की राशि अनुपयुक्त थी। अतः अनुदान राशियों को सम्बन्धित वर्षों में व्यय न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा शेष राशियों को अविलम्ब नियमानुसार समयबद्ध व्यय किए जाने बारे ठोस पग उठाये जाएं अन्यथा अनुपयुक्त राशियों को सम्बन्धित विभाग/सरकार को लौटाया जाना सुनिश्चित करें।

पैरा 6 सावधि निवेश :–

नगर परिषद घुमारवीं के लेखों के अनुसार दिनांक 31.03.2014 को ₹76,22,688/– का निवेश सावधि जमा योजना में किया गया था जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्र0 सं0	निवेश की तिथि	सावधि जमा सं0	बैंक का नाम	निवेशित राशि	ब्याज दर	परिपक्वता तिथि
1)	19.10.13	428822	ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स घुमारवीं	25,92,906	9%	10.10.14
2)	01.11.12	31723372900	स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया घुमारवीं	36,25,497	9%	09.05.14
3)	01.11.12	31723370196	स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया घुमारवीं	12,04,285	9%	09.05.14
4)	02.11.12	2006046	राज्य सहकारी बैंक घुमारवीं	2,00,000	9%	02.11.14

सावधि जमा में निवेश की गई उपरोक्त राशियों को उनकी परिपक्तवता तिथि को भुनाना सुनिश्चित किया जाए।

पैरा 7. स्थापना पर राशि ₹18.56 लाख का अनियमित व्यय :–

नगर परिषद घुमारवीं के श्रेणी वार स्वीकृत तथा भरे गए व रिक्त पदों का पूरा ब्यौरा अंकेक्षण प्रतिवेदन में संलग्न परिशिष्ठ–''ग'' पर दिया गया है। नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान वेतन व अन्य भत्तों, भत्तों पर किए गए व्यय व कुल व्यय का अनुपात म्यूनिसिपल एक्ट, 1994 की धारा 53(1)सी में विहित प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाया गया। उपरोक्त नियम के अनुसार नगर परिषद का स्थापना व्यय कुल व्यय के 1/3 भाग से अधिक नही होना चाहिए। स्थापना व्यय का कुल व्यय व अधिक व्यय का वर्षवार विवरण निम्न प्रकार से है :–

वित्त वर्ष	कुल व्यय	स्थापन व्यय	स्थापना व्यय की प्रतिशतता	स्थापना पर कुल व्यय के 1/3 भाग के बराबर कितना व्यय किया जाना था	स्थापना पर अधिक व्यय
2012–13	1,41,42,520	57,45,035	40.62%	47,14,173	10,30,862
2013–14	1,60,79,181	61,85,025	38.46%	53,59,727	82,298
					₹18,56,160

निदेशक, शहरी विकास शिमला–02 के ज्ञापन संख्याः भू0एल0वी0–एच(ए)(7)–1/87–9237–9284, दिनांक 20.01.2001 द्वारा सभी कार्यकारी अधिकारियों व सचिवों को यह निर्देश दिए गए थे कि स्थापना व्यय को कुल व्यय के 1/3 भाग (या 33 प्रतिशत) तक ही सीमित रखा जाए लेकिन नगर परिषद द्वारा दिशा निर्देशों को ध्यान में रखकर स्थापना व्यय निर्धारित सीमा से अधिक किया गया जो कि एक गम्भीर वित्तीय मामला व अनियमितता है। स्थापना व्यय निर्धारित सीमा से अधिक करने बारे मामला निदेशक, शहरी विकास शिमला–02 के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार के ध्यान मं लाया जाता है।

पैरा 8	**कार्य का नाम :**	**रैहन बसेरा भवन के नजदीक कार पार्किंग का निर्माण कार्य करना :–**
	संविदाकार का नाम :	**श्री राजेन्द्र पाल**
	अनुबन्ध संख्या :	**एम0सी0/जी0एम0आर0/वर्कस/2008–1081–1085, दिनांक 24.05.10**
	अनुबन्ध राशि :	**₹24,41,984/–**

उपरोक्त निर्माण कार्य के प्रथम चलत बिल से तीसरे चलत बिल तक की विस्तृत जाँच पड़ताल करने पर ₹9,80,665/– के अधिक भुगतान/अनियमित भुगतान एवं कम वसूलियों के मामले व अन्य अनियमिततायें पाई गई जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

पैरा 8.1 प्रथम चलत बिल की मद संख्याः 1 द्वारा वर्णित कार्य कटिंग इन अर्थ वर्क पिक व जम्पर वर्क प्रत्येक 50 प्रतिशत से सम्बन्धित किए गए कार्य की कुल मात्रा 1969.46 घन मी0 का भुगतान मापन पुस्तिका संख्याः 29 पृष्ठ–21 पर ₹50/– प्रति घन मी0 की दर से किया गया था। उपरोक्त कार्य मात्रा की रिकॉर्ड प्रविष्टियाँ मापन पुस्तिका संख्याः 29 पृष्ठ–20 व 21 पर की गई थी। किए गए कार्य की रिकॉर्ड प्रविष्टियों के अनुसार कटिंग इन अर्थ वर्क से सम्बन्धित कार्य 50 प्रतिशत पिक वर्क व 50 प्रतिशत जम्पर वर्क से सम्बन्धित किया गया था जबकि भुगतान करते समय अनुबन्ध में कटिंग इन अर्थ वर्क पिक व जम्पर वर्क (30 : 70) की दर ₹50/– प्रति घन मी0 से किया गया था। उपरोक्त किए गए कार्य कटिंग इन अर्थ वर्क पिक व जम्पर वर्क (50 : 50) का भुगतान प्रतिस्थापित मद के रूप में अनुबन्ध में समान कार्य मद की दर के प्रीमियम के आधार पर निम्न प्रकार से किया जाना था।

क्र0 सं0	मद	राशि
1.	किए गए कार्य कटिंग इन अर्थ वर्क पिक + जम्पर वर्क (50 : 50) की मानक दर अनुसूची 1999 के अनुसार दर	₹61.50
2.	अनुबन्ध में समान कार्य या कटिंग इन अर्थ वर्क पिक + जम्पर वर्क (30 : 70) की मानक दर अनुसूची 1999 के अनुसार दर	₹69.70
3.	उपरोक्त अनुबन्ध मद की संविदाकार द्वारा दी गई दर	₹50 / –
	उपरोक्त किए गए कार्य कटिंग इन अर्थ वर्क पिक + जम्पर वर्क (50 : 50) की दर का निर्धारण	50/69.70 x 61.50 =44.36 प्रति घन मी0

उपरोक्त विवरणानुसार संविदाकार को 1969.46 घन मी0 कार्य मात्रा के लिए ₹5.64 (₹50–₹44.36) प्रतिघन मी0 की दर से ₹11,108 / –(1969.46 घन मी0 x ₹5–64) का अधिक भुगतान किया गया था।

पैरा 8.2 मापन पुस्तिका संख्याः 29 पृष्ठ–22 पर की गई रिकॉर्ड प्रविष्टियों के अनुसार प्रथम चलित बिल में कार्य स्थल पर 36.13 घन मी0 वोलडर / स्टोन प्राप्त हुए थे जिनकी वसूली संविदाकार से एच0पी0एम0आर0 1999 की दर ₹170 / – प्रति घन मी0 से की गई थी। जबकि इस कार्य में उपयोग बोलडर की वसूली एच0पी0एस0आर0 1999 की दर + उपरोक्त कार्य की ओवरऑल प्रतिशतता से की जानी थी। जिसके अनुसार वसूली दर ₹284.60 प्रति घन मी0 (₹170 + 67.41 प्रतिशत (कार्य की ओवरऑल प्रतिशतता))

उपरोक्त विवरणानुसार संविदाकार से वोलडर स्टोन की मात्रा 36.13 घन मी0 की वसूली ₹114.60 (₹284.60–₹170 / –)प्रति घन मी0 की दर से राशि ₹4,140 / – के लिए कम की गई।

पैरा 8.3 कार्य के तीसरे व अन्तिम बिल में अनुबन्ध में वर्णित निम्न मदों की कार्य मात्रा से अधिक कार्य निष्पादन होने पर संविदाकार को अतिरिक्त कार्य के लिए निम्न प्रकार से भुगतान किया गयाः–

क्र0 सं0	मद सं0	मापन पुस्तिका / पृष्ठ	मद का विवरण	अनुबन्धित कार्य मात्रा	वास्तविक कार्य मात्रा	अधिक कार्य मात्रा	दर	राशि
1)	(1)	31 / 42	कटिंग इन अर्थ वर्क (50:50) पिक व जम्पर वर्क	1608.75 घन मी0	2022.97 घन मी0	414.22 घन मी0	69.70 +67.41 प्रतिशत	48,331.00
2)	(8)	31 / 43	प्रोवाईडिंग फोर्म वर्क फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग	110.46 वर्ग मी0	156.18 वर्ग मी0	45.72 वर्ग मी0	63.60 +67.41 प्रतिशत	4,868.00
3)	(7)	31 / 43	सी सी 1:6:12 फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग	30.74 घन मी0	56.137 घन मीं0	25.397 घन मी0	982.10 +67.41 प्रतिशत	41,753.00
4)	(9)	31 / 43	आर सी सी 1:2:4 फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग	36.62 घन मी0	70.32 घन मी0	33.70 घन मी0	1740.20 +67.41 प्रतिशत	98,168.00
								₹1,93,120.00

अतिरिक्त निष्पादित कार्य मात्रा की दर का निर्धारण मानक दर अनुसूची 1999 की दर + कार्य की ओवर ऑल प्रतिशतता / प्रीमियम के आधार पर किया गया था। अनुबन्ध की क्लॉज 12 ''Any altered, additional or substituted work which the contractor may be directed to do in the manner above specified as the part of the work and shall be carried out by the contractor on the same condition in all respect on which he agree to do the main work and at the same rate as specified in the tender'' के अनुसार अतिरिक्त किए गए कार्य के लिए संविदाकार को अतिरिक्त दरों पर भुगतान नहीं किया जाना था। संविदाकार को अनुबन्ध मदों में कार्य की मात्रा में बढौतरी होने पर अतिरिक्त की गई कार्य मात्रा के लिए भी अनुबन्धित दरों से ही निम्न विवरणानुसार भुगतान किया जाना था :–

क्र0 सं0	मद सं0	मद का विवरण	अतिरिक्त किए गए कार्य की मात्रा	अनुबन्ध के अनुसार दर	राशि
1)	(1)	कटिंग इन अर्थ वर्क पिक + जम्पर वर्क (50:50)	414.22 घन मी0	44.36 (प्रति स्थापित मद)	18,375.00

2)	(8)	प्रोवाईडिंग फोर्म वर्क फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग	45.72 वर्ग मी0	175	8,001.00
3)	(7)	सी सी 1:6:12 फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग	25.327 घन मी0	1350	34,286.00
4)	(9)	आर सी सी 1:2:4 फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग	33.70 घन मी0	2500	84,250.00
					₹1,44,912.00

अतः संविदाकार को ₹48,208/– (₹1,93,120–₹1,44,912) का अधिक भुगतान किया गया था।

पैरा 8.4 कार्य के तीसरे व अन्तिम बिल के दौरान संविदाकार द्वारा निष्पादित अतिरिक्त मदों की कार्य मात्रा के लिए निम्न विवरणानुसार भुगतान किया गया था :–

क्र0 सं0	**अतिरिक्त मद सं0**	**मापन पुस्तिका /पृष्ठ**	**कार्य का विवरण**	**कार्य मात्रा**	**दर**	**राशि**
1)	2	31/42	कटिंग इन अर्थ वर्क चिजलिंग इन हार्ड रौक (विद बलास्टिंग वर्क)	318 घन मी0	245.50 + 67.41 प्रतिशत	1,30,695
2)	3	31/42	एक्सकावेशन इन फाऊंडेशन ट्रैचिज चिजलिंग इन साफट रॉक (विद बलास्टिंग वर्क)	186.09 घन मी0	259.90 + 67.41 प्रतिशत	80,967
3)	4	31/42	रीमूवल ऑफ सलिप	420.75 घन मी0	38.90 + 67.41 प्रतिशत	27,400
					कुल राशि	**₹2,39,062**

अतिरिक्त मदों के अन्तर्गत किए गए कार्य की दरों का निर्धारण समान कार्य मद के प्रीमियम के आधार पर निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाना था :–

क्र0 सं0	अनुबन्ध में समान कार्य मद	एच.पी.एस. आर. 1999 के अनुसार दर	कार्य मात्रा	अनुमानित राशि	संविदाकार दर (₹)	राशि
1)	कटिंग इन अर्थ वर्क	69.70	1608.75 घन मी0	1,12,130.00	50	80,438
2)	एकसकावेशन इन फाऊंडेशन ट्रेचिंज इत्यादि	92.85	97.44	9,047.00	12	11,69,300
			जोड	₹1,21,177		₹92,131

कार्य की प्रतिशतता $\frac{92131-121177}{92131} \times 100 = (-)\ 31.52\%$

क्र0 सं0	मद सं0	मद का विवरण	एच0पी0 एस0आर0 1999 की दर (₹)	+ समान कार्य मद की प्रतिशतता ((–) 31.52 प्रतिशत)	निर्धारित दर (₹)
(1)	2	कटिंग इन अर्थ वर्क चिजलिंग इन हार्ड रौक (बलास्टिंग वर्क सहित)	158.30	(–) 49.90	108.40
(2)	3	एकसकावेशन इन फाऊंडेशन ट्रेंचिंग चिजलिंग/वैडगरिग इन साफट रौक इत्यादि (विद बलास्टिंग वर्क)	125.30	(–) 39.50	85.80
(3)	4	रिमूवल ऑफ स्टीप	38.90	(–) 12.26	26.64

उपरोक्त दरों के अनुसार संविदाकार को निम्न विवरणानुसार भुगतान किया जाना था

क्र0 सं0	मद सं0	कार्य का विवरण	कार्य मात्रा	दर प्रति घन मी0	राशि (₹)
(1)	2	कटिंग इन अर्थ वर्क चिजलिंग इन हार्ड रौक (बलास्टिंग वर्क के साथ)	318	108.40	34,471/–

			घन मी0		
(2)	3	एकसकावेशन इन फाऊंडेशन ट्रेंचिंग चिजलिंग/वैडगरिग इन साफट रौक इत्यादि (विद बलास्टिंग वर्क)	186.09 घन मी0	85.80	15,967/–
(3)	4	रिमूवल ऑफ स्वीप	420.75 घन मी0	26.64	11,209/–
				कुल राशि	**₹61,647/–**

उपरोक्त विवरणानुसार संविदाकार को उपरोक्त अतिरिक्त मदों के अन्तर्गत किए गए कार्य के लिए ₹61,647/– के स्थान पर ₹2,39,062/– का भुगतान किए जाने के कारण ₹1,77,415/– (₹2,39,062–₹61,647) का अधिक भुगतान किया गया था जिसे न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा वसूली सुनिश्चित की जाए।

पैरा 8.5 बलास्टिंग सामग्री राशि ₹5,825/– की वसूली न करना :–

उपरोक्त निर्माण कार्य के दौरान बलास्टिंग वर्क हेतु संविदाकार को निम्न बलास्टिंग सामग्री जारी की गई थी जिसका विवरण स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 29 पर दिया गया था स्टॉक रजिस्टर के अनुसार यह सामग्री बिल संख्याः 303, दिनांक 18.04.2011 द्वारा हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग से प्राप्त की गई थी। सामग्री के मुल्य का भुगतान रोकड़ बही के अनुसार दिनांक 27.07.2011 को ₹5,825/– हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मण्डल घुमारवीं को किया गया था। यह सामग्री मापन पुस्तिका संख्याः 31 पृष्ठ–23 पर की गई प्रविष्टियों के अनुसार इन्डैन्ट नं0 929, दिनांक 18.04.2011 द्वारा संविदाकार को जारी की गई थी सामग्री के मुल्य ₹5,825/– की संविदाकार से वसूली नहीं की गई थी। वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए ₹5,825/– की उचित माध्यम से वसूली सुनिश्चित की जाए।

क्र0 सं0	समग्री का विवरण	मात्रा
(1)	जलाटीन	50 कि0 ग्रा0
(2)	डैटोनेटर	200 नं0
(3)	फयूज क्वायल	15 क्वाईल

पैरा 8.6 कार्य के दूसरे चलत बिल की मद संख्याः 3/4 द्वारा वर्णित कार्य प्रोवाईडिंग फौर्म वर्क फाऊंडेशन फुटिंग इत्यादि से किए गए कार्य की कुल मात्रा 156.18 घन मी0 का भुगतान मापन पुस्तिका संख्याः 31, पृष्ठ–26 व 30 पर निम्न प्रकार से किया गया था:–

मापन पुस्तिका संख्या	**पृष्ठ**	**कार्य मात्रा**	**दर प्रति वर्ग मीटर**	**राशि**
31	26	110.46 वर्ग मी0	175	19,330/–
31	30	45.72 वर्ग मी0	63.60	4,868/–
			+ 67.41%	
				₹24,198/–

उपरोक्त कार्य मात्रा की रिकॉर्ड प्रविष्टियां मापन पुस्तिका संख्याः 31, पृष्ठ–2 से 5 पर की गई थी का अवलोकन करने पर पाया गया कि जितनी लम्बाई व चौडाई में कॉलम की फाऊंडेशन व फुटिंग में एकसकावेशन से सम्बन्धित कार्य किया गया था उतनी ही लम्बाई व चौडाई में सी0सी0 1:6:12 से सम्बन्धित कार्य किया गया थां कॉलम की एकसकावेशन से सम्बन्धित कार्य दिनांक 03.10.11 को व कॉलम में सी0सी0 1:6:12 से सम्बन्धित कार्य दिनांक 04.10.2011 को किया गया था। इसके पश्चात् दिनांक 05.10.2011 को कॉलम के फाऊंडेशन फुटिंग में फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य किया गया दर्शाया गया था। कॉलम की फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग में जितनी लम्बाई व चौडाई में एकसकावेशन से सम्बन्धित कार्य किया गया था उतनी ही लम्बाई व चौडाई में सी0सी0 1:6:12 से सम्बन्धित कार्य किया गया था इसलिए फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग में फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य नहीं किया जा सकता था न ही कॉलम के फाऊंडेशन फुटिंग में सी0सी0 1:6:12 के कार्य के लिए फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त दिनांक 04.10.2011 को कॉलम के फाऊंडेशन फुटिंग में सी0सी0 1:6:12 से सम्बन्धित कार्य दर्शाना व दिनांक 05.10.2011 के सी0सी0 1:6:12 के कार्य के लिए फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य किया दर्शाया जाना भी आपतिजनक है।

इसके अतिरिक्त मापन पुस्तिका 31, पृष्ठ–2 से 5 पर कॉलम में फाऊंडेशन फुटिंग में कॉलम के ट्रेर्पोजर्ड पोरशन में फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य किया दर्शाया गया था। कॉलम के ट्रेर्पोजर्ड पोरशन में न तो आर0सी0सी0 1:2:4 के कार्य के लिए फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य किया जाता है और न ही फोम वर्क से सम्बन्धित कार्य किया जाना सम्भव होता है।

अतः कॉलम के फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग में सी0सी0 1:6:12 के कार्य के लिए व ट्रेर्पोजर्ड पोरशन में आर0सी0सी0 1:2:4 के कार्य के लिए फॉर्म वर्क से सम्बन्धित कार्य किया दर्शाया जाने के कारण निम्न विवरणानुसार संविदाकार को फॉर्म वर्क फाऊंडेशन एण्ड फुटिंग के कार्य में 98.69 वर्ग मी0 कार्य मात्रा का अधिक भुगतान किया गया था।

कॉलम

बी–1	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.40+3.60)0.20$	=2.80 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.40+0.90}{2}+\frac{3.20+0.80}{2}\right)0.25$	=2.08 वर्ग मी0
बी–6	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.40+3.60)0.20$	=2.80 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.40+0.80}{2}+\frac{3.20+0.80}{2}\right)0.80$	=6.56 वर्ग मी0
बी–2	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.80+4.00)0.20$	=3.12 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.90+0.95}{2}+\frac{3.70+0.80}{2}\right)0.25$	=2.34 वर्ग मी0
बी–3	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.80+4.00)0.20$	=3.12 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.90+1.15}{2}+\frac{3.70+0.95}{2}\right)0.55$	=5.33 वर्ग मी0
बी–4	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.80+4.00)0.20$	=3.12 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.90+0.95}{2}+\frac{3.70+0.80}{2}\right)0.55$	=5.14 वर्ग मी0
बी–5	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.80+4.00)0.20$	=3.12 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.90+0.80}{2}+\frac{3.70+0.75}{2}\right)0.55$	=5.02 वर्ग मी0
ए–1	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(2.60+2.80)0.20$	=2.16 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{2.70+0.70}{2}+\frac{2.50+0.55}{2}\right)0.75$	=4.84 वर्ग मी0
ए–6	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.80+4.00)0.20$	=3.12 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{2.70+0.70}{2}+\frac{2.50+0.55}{2}\right)0.55$	=3.55 वर्ग मी0
ए–2	फाऊंडेशन फुटिंग	$2(3.00+3.20)0.20$	=2.48 वर्ग मी0

	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.10+2.40}{2}\right)+\left(\frac{2.90+2.25}{2}\right)0.70$	=7.99 वर्ग मी0
ए–3	फाऊंडेशन फुटिंग	2(3.00+3.20)0.20	=2.48 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.10+2.40}{2}\right)+\left(\frac{2.25+2.90}{2}\right)0.75$	=7.99 वर्ग मी0
ए–4	फाऊंडेशन फुटिंग	2(3.00+3.20)0.20	=2.48 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.10+2.40}{2}\right)+\left(\frac{2.25+2.90}{2}\right)0.70$	=7.46 वर्ग मी0
ए–5	फाऊंडेशन फुटिंग	2(3.00+3.20)0.20	=2.48 वर्ग मी0
	ट्रेर्पोजर्ड पोरशन	$2\left(\frac{3.10+2.20}{2}\right)+\left(\frac{2.90+2.00}{2}\right)0.75$	=7.65 वर्ग मी0
			98.69 वर्ग मी0

उपरोक्त विवरणानुसार संविदाकार को 98.60 वर्ग मी0 कार्य मात्रा के लिए ₹11,009/– का अधिक भुगतान किया गया था जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्र0 सं0	**कार्य मात्रा**	**दर**	**राशि**
(1)	35.09 वर्ग मी0	₹175	6,141/–
(2)	63.60 वर्ग मी0	₹63.60 + 67.41%	4,868/–
		कुल राशि	**₹11,009/–**

पैरा 8.7 आयकर की राशि ₹15,908/– की कम वसूली :–

कार्य के तीसरे व अन्तिम बिल के दौरान किए गए कार्य के लिए संविदाकार से ₹28,144/– की आयकर की वसूली की जानी थी जबकि राशि ₹12,236/– की ही वसूली की गई थी। जिसके फलस्वरूप ₹15,908/– (₹28,144 – ₹12,236) की कम वसूली की गई थीं जिसके बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

पैरा 8.8 कटिंग/एकसकावेशन के कार्य से बोल्डर स्टोन की उचित प्राप्ति न दर्शाया जाना :–

संविदाकार द्वारा उपरोक्त निर्माण कार्य में निम्न विवरणानुसार कटिंग/एकसकावेशन इत्यादि से सम्बन्धित कार्य किया गया था :–

मद सं0	कार्य का विवरण	कार्य मात्रा
1	कटिंग इन अर्थ वर्क पिक/जम्पर वर्क इत्यादि 50:50	1969.46 घन मी0
2(अतिरिक्त मद)	कटिंग इन अर्थ वर्क चिजलिंग हार्ड रौक इत्यादि	318 घन मी0
3 (ई0ओ0)	एकसकावेशन इन फाऊंडेशन ट्रेचिज इन साफट रौक इत्यादि	420.75 घन मी0
	कुल मात्रा	**2708.21 घन मी0**

उपरोक्त कार्य मात्रा के विरूद्ध यदि 20 प्रतिशत भी वोल्डर स्टोन प्राप्त दर्शाये गए होते तो लगभग 542 घन मी0 स्टॉन प्राप्त होने थे जबकि उपरोक्त कार्य के दौरान मात्र 36.13 घन मी0 भी वोल्डर/स्टॉन प्राप्त किए दर्शाये गए थे संविदाकार को उपरोक्त मदों के अन्तर्गत जम्पर वर्क, चिजलिंग वर्क इत्यादि की ऊंची दरों से भुगतान किया गया था जिसके अनुसार कार्य स्थल पर वोल्डर/स्टोन की मात्रा प्राप्त की जानी वांछित थी। नियमानुसार उपरोक्त कार्य में वोल्डर/स्टोन की प्राप्ति न दर्शाये जाने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए। मामला उच्चाधिकारियों के ध्यान में उचित कार्रवाई हेतु लाया जाता है।

पैरा 8.9 <u>अतिरिक्त/प्रतिस्थापित मदों की दरों को सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित न करना</u> :–

कार्य के तीसरे व अन्तिम बिल के दौरान निम्न विवरणानुसार ₹7,07,052/– का भुगतान अतिरिक्त/प्रतिस्थापित मदों के रूप में किया गया था। इन अतिरिक्त/प्रतिस्थापित मदों की दरों को सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था।

क्र0 सं0	मद सं0	कार्य का विवरण	कार्य मात्रा	एच0पी0एल0आर0 1999 की दर + कार्य का ओवर ऑल प्रीमियम 67. 41 प्रतिशत	राशि (₹)
1)	2	कटिंग इन अर्थ वर्क चिजलिंग इन हार्ड रौक	318 घन मी0	411.00	1,30,698.00
2)	3	एकसकावेशन इन फाऊंडेशन ट्रेचिंज चिजलिंग इन साफट रॉक इत्यादि	186.09 घन मी0	435.10	80,967.00
3)	4	रीमूवल ऑफ सविप	420.75 घन मी0	6513	27,400.00

4)	6	डिस्पोजल ऑफ सरपलस अर्थ वर्क मैकेनिकल मीन्ज एक किलो मीटर तक	2287.46 घन मी0	107.88	2,46,771.00
5)	5	डिसपोजल ऑफ मैटीरियल वाई मेनुअल मीन्च	420.75 घन मी0	37.61	15,824.00
6)	10	सी0सी 1:5:10 विद 15 प्रतिशत पलम	108.32 घन मी0	1693.00	1,83,385.00
7)	11	6 एम0एम सीमेन्ट प्लास्टर	296 वर्ग मी0	41.85	12,388.00
8)	12	15 एम0एम सीमेन्ट प्लास्टर	149.64 वर्ग मी0	64.28	9,619.00
				कुल योग	**₹7,07,052**

उपरोक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति टैण्डर अपरूवल, टैण्डरों की तुलनात्मक विवरणी, दरों की जसटीफिकेशन इत्यादि अभिलेख लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किए गए जिन्हें आगामी अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उपरोक्त पैरे में दर्शाई गई अनियमितताओं के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए अधिक भुगतान/अनियमित भुगतान व कम वसूलियों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई करते हुए अधिक भुगतान राशियों की उचित माध्यम से वसूली सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्त अनियमितताओं बारे मामला कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद घुमारवीं के ध्यान में लेखा परीक्षा अधियाचना संख्या5 156, दिनांक 10.03.2015 द्वारा लाया गया था लेकिन कार्यकारी अधिकारी द्वारा लेखा परीक्षा होने तक उपरोक्त अनियमितताओं बारे कोई उत्तर नहीं दिया गया।

पैरा 9 दिनांक 31.03.2014 तक गृहकर व दुकानों के किराये की राशि ₹62.12 लाख की वसूली शेष :–

गृहकर व दुकानों के किराये की दिनांक 31.03.2014 को ₹62,12,026 की राशि वसूली योग्य शेष थी जिसका विस्तृत विवरण परिशिष्ट–''घ'' पर दिया गया है तथा मदवार विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्र0 सं0	विवरण	2011–12	2012–13
(1)	दुकानों का किराया	2,64,204.00	3,25,372.00
(2)	गृहकर	62,10,562.00	58,86,654.00
		64,74,766.00	**62,12,026.00**

गृहकर व किराये की वसूली योग्य राशियों में प्रतिवर्ष वृद्धि ही रही है तथा अत्याधिक राशियां वसूली योग्य शेष हैं। इनकी वसूली हेतु नगर परिषद द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। अतः इन राशियों की शीघ्र वसूली सुनिश्चित की जाए।

पैरा 9.1 गृहकर की वार्षिक मांग वर्ष 2011–12 से ₹15,47,950.00 दर्शाई गई थी जबकि प्रतिवर्ष नये भवन बन रहे हैं जिन के गृहकर की गणना नगर परिषद द्वारा की जाती है लेकिन इस गणना को गृहकर की वार्षिक मांग में नहीं दर्शाया गया है। अतः वर्ष 2011–12, 2012–13, व वर्ष 2013–14 के दौरान तैयार नये भवनों की गृहकर की गणना वार्षिक मांग में शामिल करके वसूली सुनिश्चित की जाए।

पैरा 9.2 नगर परिषद की दुकानों के किराये की 31.03.2014 को ₹3,25,372 की राशि वसूली योग्य शेष थी किराये पर दी गई दुकानों के अधिकतर अनुबन्ध/इकरारनामों का नवीनीकरण नहीं करवाया गया था जिनका विवरण परिशिष्ट–''ड़'' पर दिया गया है। दुकानों के इकरारनामें/अनुबन्ध का नवीनीकरण न करवाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा नवीनीकरण हेतु देय दुकानों के अनुबन्ध/इकरारनामों का शीघ्र नवीनीकरण करवाकर अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

पैरा 10 संविदाकारों को परिषद द्वारा सीमेन्ट न जारी करने पर राशि ₹4.37 लाख की हानि :–

नगर परिषद घुमारवीं के सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर के अनुसार माह 04/2013 के पश्चात् हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के माध्यम से सीमेन्ट क्रय नहीं किया गया था तथा माह 08/2013 के पश्चात् संविदाकारों को नगर परिषद के निर्माण कार्यों के लिए स्टोर से सीमेन्ट जारी नहीं किया गया था संविदाकारों द्वारा माह 08/2013 के पश्चात् खुले बाजार से अपने स्तर पर सीमेन्ट क्रय करके निर्माण कार्यों में उपयोग किया गया था। सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन से सीमेन्ट क्रय करके संविदाकारों को लगभग ₹220 प्रति बैग की दर से सीमेन्ट जारी किया जा रहा था जबकि खुले बाजार मं सीमेन्ट की दर लगभग ₹350 प्रति

